

### एक नजर में

## परीक्षार्थियों ने प्रश्नों के माध्यम से किया मूल्यांकन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। देव संस्कृति विश्वविद्यालयए शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में हुई। परीक्षा में जिले के 175 शासकीय अशासकीय विद्यालयों और 4 महाविद्यालयों के कुल 7.752 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षार्थियों ने सनातन परंपरा, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, खानपान, आचरण और जीवन शैली से जुड़े प्रश्नों के माध्यम से अपने ज्ञान का मूल्यांकन किया।**

जिला संयोजक विष्णु खरे ने बताया कि परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय जीवन आदर्शोंए परंपराओं और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। परीक्षा में बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। गायत्री चेतना केंद्र के प्रमुख ट्रस्टी महेश बादल ने कहा कि यह पहल युवाओं में संस्कारए नैतिकता और समाजसेवा की भावना को मजबूत करती है। कक्षा 5 से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला संयोजक विनीत कुमार गुप्ता ने सभी का आभार जताया।

# मुख्यमंत्री ने प्रतिभा-अमित को दिया आशीर्वाद

**विधायक हरिशंकर खटीक की बेटी के विवाह समारोह में पहुंचे सीएम**

**मुख्यमंत्री के साथ विधानसभा अध्यक्ष भी थे मौजूद**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के झांसी मार्ग पर स्थित जलसा रिसोर्ट में मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं उनके साथ मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर पहुंचे। यहां जतारा के विधायक हरिशंकर खटीक की बेटी का विवाह समारोह था। इस समारोह में वह अपने तय कार्यक्रम के अनुसार उपस्थित हुए जहां उन्होंने प्रतिभा-अमित को आशीर्वाद दिया।**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने तय कार्यक्रम के अनुरूप शाम 4.5 मिनिट पर पुलिस लाईन में स्थित हैलीपेड पर उतरे जहां उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे। दोनों के उतरते ही भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने अपने पदाधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया।

इसके बाद बाद वह जलसा रिसोर्ट पहुंचे जहां उनका विधायक हरिशंकर खटीक ने अपने परिवार के साथ स्वागत किया। इसके बाद मंच पर पहुंचकर उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।

इस दौरान लोग मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचाने के चक्कर में मंच पर चढ़ गए और यह देख मुख्यमंत्री सुरक्षा के लोग नाराज हुए और उन्होंने लोकल पुलिस को मंच पर न चढ़ने के लिए तत्काल निर्देश दिए। इतना ही नहीं इसके बाद भी लोकल पुलिस उन्हें नहीं संभाल पाई तो फिर स्वयं मुख्यमंत्री सुरक्षा के लोगों को यह जिम्मेदारी निभानी पड़ी और उन्होंने लोगों को मंच से नीचे उतारा। फिर यह व्यवस्था देख मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष मंच के पीछे बने कमरे में गए। जब दूल्हा और दुल्हन मंच पर आए तो दुवारा दोनों अतिथियों ने जतारा विधायक हरिशंकर खटीक की बेटी को जाकर आशीर्वाद दिया।

### सीएम एवं विधानसभा अध्यक्ष ने दी अभिनेता धर्मेन्द्र को हैलीपेड पर श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष दोनों ने ही हेलीपैड पर अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अभिनेता धर्मेन्द्र का निधन हम सबके लिए कष्टकारी है। उन्होंने फिल्मी दुनिया में जिस प्रकार का योगदान दिया, उसे भुलाया नहीं जा सकता। धर्मेंद्र अपने समय के सर्वाधिक लोकप्रिय और सुपरहिट हीरो में से एक रहे। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उनकी शोले जैसी कई फिल्मों में उनके अद्भुत अभिनय को जीवन भर कोई भूल नहीं सकेगा। डॉ.यादव ने मध्य प्रदेश सरकार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव पूरा देश स्मरण रखेगा। उन्होंने बाबा महाकाल से प्रार्थना की कि वे पवित्र आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भी अभिनेता धर्मेंद्र के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि फिल्म जगत में उन्होंने अपने परिश्रम और कर्म से एक ऐसा स्थान बनाया जिसने पूरे देश और दुनिया के अनेक देशों को प्रभावित किया। तोमर ने कहा कि भले ही वे आज शरीर से हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी कला और उनका प्रदर्शन हमेशा याद रहेगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खाद से परेशान किसानों ने लगाया जाम



**नवभारत न्यूज जतारा। यूरिया खाद की कमी से जिले के किसान परेशान हैं। इसी समस्या को लेकर जिले के नगर जतारा में किसानों ने तहसील कार्यालय के सामने सड़क पर जाम लगा दिया। किसानों में यूरिया खाद नहीं मिलने से भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि खाद की उपलब्धता न होने के कारण उन्हें बुवाई में दिक्कतें आ रही हैं।**

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही तहसीलदार और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों द्वारा किसानों को जाम हटाने और धैर्य रखने की समझाइश दी गई। जतारा के अलावा नगर परिषद बल्देवगढ़ में भी मंगल भवन के पास खाद के लिए किसानों की भारी भीड़ जमा हो गई है। किसान सोबरन यादव ने बताया कि वे पिछले तीन दिनों से खाद लेने आ रहे हैं लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि टीकमगढ़ रैक प्वाइंट पर एनएफएल यूरिया नीम की रैक लगने में विलंब हुआ इसलिए किसानों को नकद खाद का वितरण लेट हो गया है। 23 नवंबर से खाद का वितरण किया शुरू हो गया है। एक दो दिन में लगभग सभी किसानों को खाद उपलब्ध हो जाएगा। खाद के लिए टोकन वितरण व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि एक साथ किसान परेशान न हों।

## आज विवाह पंचमी पर निकलेगी भगवान की बारात



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर नजरबाग में श्रीराम विवाह महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। रविवार रात 8 बजे विवाह का लग्न कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें गणेश पूजन और महिला संगीत का आयोजन किया गया। सोमवार को भगवान के मंडप की रस्म का कार्यक्रम विधिविधान से कराया गया।**

मंदिर के पुजारी सुरेंद्र मोहन द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को भगवान को तेल चढ़ाया गया। इसके साथ ही मंदिर परिसर में मंडप सजाकर पंगत का आयोजन भी हुआ। महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम के तहत आज मंगलवार 25 नवंबर को शाम 5 बजे मंदिर से दूल्हा बने भगवान श्रीराम की बारात गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। नगर भ्रमण के बाद बारात वापस मंदिर पहुंचेगी जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीराम और माता जानकी के विवाह की रस्में पूरी की जाएंगी। पाणिग्रहण संस्कार देर रात तक चलेगा। पुजारी द्विवेदी ने यह भी बताया कि श्रीराम जानकी मंदिर का निर्माण लगभग 200 साल पहले राजशाही दौर में हुआ था। मंदिर निर्माण की खासियत यह थी कि महीने में केवल पुष्य नक्षत्र के दिन ही कार्य होता था जिसके चलते इसे पूरा होने में 12 साल लगे थे।

## सामूहिकता एवं स्वावलंबन की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र जन अभियान परिषद राज्य कार्यालय भोपाल से संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव ने मप्र जन अभियान परिषद टीकमगढ़ ब्लॉक टीकमगढ़ के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सीएमसीएलडीपी कक्षाओं में छात्रों और छात्राओं को व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व विकास के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही म प्र जन अभियान परिषद की रीति नीति स्वैच्छिकता, सामूहिकता और स्वावलंबन को भी विस्तार से जानकारी दी गई।**

उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों को मिले। इसके लिए आप सभी छात्र और छात्राएं अपने अपने ग्राम में लोगों को लाभ दिलवाने में हर संभव मदद करें। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार, परामर्शदाता आराध्य विलगैंया, खुशबू सेन, बीएलडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छा त्र और छात्राएं उपस्थित रहे। मप्र जन अभियान परिषद राज्य कार्यालय भोपाल से संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव ने मप्र जन अभियान परिषद टीकमगढ़ ब्लॉक के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सीएमसीएलडीपी कक्षाओं में छात्रों और छात्राओं को व्यक्तित्व, कृतित्व और नेतृत्व विकास के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही म प्र जन अभियान परिषद की रीति नीति स्वैच्छिकता, सामूहिकता और स्वावलंबन को भी विस्तार से जानकारी दी।

## नीचे बह रहे पानी को रोकने बनाई बोरी बंधान



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र जन अभियान परिषद राज्य कार्यालय भोपाल से संभाग समन्वयक अमिताभ श्रीवास्तव के निर्देशानुसार में मप्र जन अभियान परिषद टीकमगढ़ ब्लॉक टीकमगढ़ की नवांकुर संस्था समर्थ नवयुवक मंडल के सेक्टर अनंतपुरा की ग्राम पंचायत बौरी में बुंदेल कालीन हनुमान सागर तालाब से निकले नाले पर गऊ घाट की पुलिया के नीचे बह रहे पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान किया गया।**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ग्राम वासियों को वर्षा जल को बोरी बंधान का संचय करना चाहिए, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए भू जल का दोहन काम करना पड़े। वर्षा जल का उपयोग संचय कर अधिक करना चाहिए। इस अवसर पर म प्र जन अभियान परिषद जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार, नवांकुर संस्था प्रमुख आशुतोष भट्ट, रवि सक्सेना, आलोक गुप्ता, देवेंद्र अहिरवार, सरपंच उमेश अहिरवार, समिति अध्यक्ष श्याम लाल यादव सतभैया, सीएमसीएलडीपी छात्र, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों और ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता कर बोरी बंधान कर किया तथा बैठक की गई।

## स्थायी वारंटी को पुलिस ने धरदबोचा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। स्थायी वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे टीकमगढ़ जिले में पदस्थ रहे एक पूर्व पुलिस आरक्षक को भोपाल पुलिस ने दिगौड़ा पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया।**

आरोपी के विरुद्ध कुटुंब न्यायालय भोपाल व जिला न्यायालय भोपाल द्वारा स्थायी वारंट जारी किए गए थे। जानकारी के अनुसार ग्राम लुहरगुवां निवासी मुन्नालाल अहिरवार जो पूर्व में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ था और वर्तमान में निलंबित चल रहा है उसके खिलाफ भोपाल के कुटुंब न्यायालय द्वारा 4 लाख रुपए वसूली का स्थायी वारंट तथा जिला न्यायालय भोपाल द्वारा दूसरा स्थायी वारंट जारी किया गया था। वारंट जारी होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। कई बार भोपाल पुलिस उसकी तलाश में पहुंची ।

## विभिन्न समस्या को लेकर पलेरा में सपा का ज्ञापन



**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर में सोमवार को लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के नेताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा कि सरकार किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। खाद की समस्या और कालाबाजारी से जूझ रहे किसान सड़कों पर भटक रहे हैं। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी पूरा नहीं हुआ है।**

उन्होंने बताया कि किसानों की आय आधी रह गई है। इस दौरान तहसील कार्यालय परिसर में प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह वर्तमान सरकार की खराब नीतियों का परिणाम है कि किसान परेशान हैं। खेतों में खाद की जरूरत है और खाद मिल नहीं रही है। इसके साथ ही बिजली की समस्या पूरे क्षेत्र में बनी हुई है।

इस दौरान तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश दी। लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव के नेतृत्व में खाद की समस्या को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया। जिसमें खाद की समस्या से परेशान किसानों को तत्काल उचित व्यवस्था बनाए जाने की मांग की गई है। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, रामजी तिवारी, आकाश यादव, राहुल पाल, मनोज कुशवाहा समेत तमाम किसानों के नाम शामिल हैं।नगर में सोमवार को लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के नेताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया।

## मड़ोरी बीएलओ ने किया डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण

**कलेक्टर ने बीएलओ सहित सहयोगियों को दी बधाई**

**उप निर्वाचन अधिकारी द्वारा महिला कर्मचारी सम्मानित**




**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 47 खरगापुर में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती भारती देवी मिश्रा एवं खरगापुर तहसील में तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के मार्गदर्शन में मतदान केन्द्र क्रमांक 151 मड़ोरी में बीएलओ श्रीमती रेखा असाटी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में 100 डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने बीएलओ श्रीमती रेखा असाटी एवं उनके इस कार्य में सभी सहयोगियों को इस उपलब्धता के लिए बधाई प्रेषित की। साथ ही उनकी कर्तव्यनिष्ठा और कार्य के प्रति उनकी ईमानदारी की सराहना की। खरगापुर विधानसभा की उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती भारती देवी मिश्रा ने शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर बीएलओ श्रीमती रेखा असाटी का सम्मान किया। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर श्रीमती रेखा असाटी ऐसा करने वाली जिले की पहली महिला बीएलओ एवं तहसील खरगापुर की पहली बीएलओ बन गई हैं। बीएलओ श्रीमती रेखा असाटी ने बताया कि उनके इस कार्य के दौरान उनके सुपरवाइजर और सहयोगी कर्मचारियों के सहयोग के कारण ही यह संभव हो पाया है और वह आगे भी अन्य बीएलओ के साथ सहयोग कर विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य की पूर्णता के लिए तत्पर हैं। जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 47 खरगापुर में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती भारती देवी मिश्रा एवं खरगापुर तहसील में तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के मार्गदर्शन में मतदान केन्द्र क्रमांक 151 मडोरी में बीएलओ श्रीमती रेखा असाटी जी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में 100: डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विधानसभा की उप जिला निर्वाचन अधिकारी भारती देवी मिश्रा ने शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर बीएलओ रेखा असाटी का सम्मान किया। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर रेखा असाटी ऐसा करने वाली जिले की पहली महिला बीएलओ है।

**दौरा** — अधिकारियों के साथ ली समीक्षा बैठक

## प्रभारी मंत्री का रेलवे स्टेशन पर भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सोमवार को जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर टीकमगढ़ पहुंचीं। रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका में विकास कार्यों को लेकर चल रहे आरोप-प्रत्यारोप पर बयान दिया। मंत्री ने नगर पालिका अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें काम करना नहीं आता या वे विकास करना नहीं चाहते। दरअसल सोमवार को जिले की जतारा विधानसभा के भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक की पुत्री का विवाह कार्यक्रम शहर के जलसा रिसोर्ट से संपन्न कराया गया जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, प्रभारी मंत्री से लेकर प्रदेश के कई कददावर मंत्रियों सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं ने पहुंचकर विधायक की पुत्री के विवाह कार्यक्रम में भाग लिया।**

इसी क्रम में टीकमगढ़ पहुंची प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट किया कि नपा अध्यक्ष के कामों को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि आज वे इस मामले को लेकर अधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करेंगी। दरअसल कलेक्टर के ड्रीम प्रोजेक्ट बंडा नहर की मरम्मत का काम भी स्वीकृत नहीं हो पाया है।नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने इन सभी कार्यों में भाजपा पार्षदों पर बाधा डालने का आरोप लगाया था। वहीं भाजपा पार्षदों ने अध्यक्ष की शिकायत कलेक्टर से लेकर भोपाल में प्रभारी मंत्री तक की थी। उन्होनें कहा कि भाजपा का मुख्य कार्य ही विकास करना है। रेलवे स्टेशन से प्रभारी मंत्री सिविल लाइन रोड स्थित भाजपा कार्यालय के लिए रवाना हुई। आज उन्हें अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लिया । इसके बाद उन्होनें भाजपा कोर कमेटी की बैठक ली। शाम 5 बजे जतारा विधायक हरिशंकर खटीक की बेटी के विवाह समारोह में शामिल हुई। प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर टीकमगढ़ पहुंचीं। रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका में विकास कार्यों को लेकर चल रहे आरोप-प्रत्यारोप पर बयान दिया। मंत्री ने नगर पालिका अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें काम करना नहीं आता या वे विकास करना नहीं चाहते।

### समीक्षा बैठक में इनकी रही मौजूदगी

मध्यप्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरोज राजपूत, जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय,एसपी मनोहर सिंह मंडलोई, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों ने सड़क पर किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज खरगापुर। किसानों को खाद न मिल पाने के कारण किसानों ने खरगपुर पलेरा मार्ग पर लगाया जाम खरगापुर क्षेत्र में किसानों को खाद की किल्लत के कारण भारी परेशानी हो रही है पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिलने से किसान परेशान है ।**

कलेक्टर ने नगद खाद की बिक्री करने पर जोर दिया था। नई मंडी में यूरिया खाद का नगद वितरण किया गया खाद बांटने वालों ने उसमें भी अपने पराए किसान देखें कईकिसानों को खाद नहीं मिला।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्रमांक/6713/न.पा./निर्माण/2025 — टीकमगढ़, दिनांक 21/11/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_464270_1 24/11/2025 को प्रात: 11 बजे से | वार्ड क्रमांक 20 में इमली वाले कब्रिस्तान में बाउन्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यकरण का कार्य। | 6 माह 3221996.00 | 5000 26164 | 26/12/2025 सांय 05:30 बजे तक |

1- मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्र./एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09/09/2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टीकमगढ़
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)